आकाशवाणी

क्षेत्रीय समाचार एकांश

देहरादून (उत्तराखण्ड)

रविवार 06.04.2025 समय 1830

मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तमिलनाडु के रामेश्वरम में भारत के पहले वर्टिकल लिफ्ट सी ब्रिज का उद्‌घाटन किया।
- तीर्थयात्रियों को शुद्ध भोजन और स्वच्छ वातावरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रदेश सरकार ने हरित चारधाम यात्रा की शुरुआत की।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा– भारतीय जनता पार्टी ने 'सबका साथ, सबका विकास' के मंत्र को आत्मसात् कर जन–जन का कल्याण सुनिश्चित किया है।
- और, देश में रामनवमी पर्व धार्मिक श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया।

;

वर्टिकल लिफ्ट सी ब्रिज

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज तमिलनाडु के रामेश्वरम में भारत के पहले वर्टिकल लिफ्ट सी ब्रिज और एक तटरक्षक जहाज की शुरुआत की। पंबन सी ब्रिज मुख्य भूमि और रामेश्वरम द्वीप के बीच एक रेल लिंक प्रदान करेगा।

यह पुल भारत के विश्वस्तरीय इंजिनयरिंग कौशल का प्रतीक है। इसे 700 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से बनाया गया है। इसकी लंबाई दो किलोमीटर से अधिक है, इसमें 99 स्पैन और 72.5 मीटर का वर्टिकल लिफ्ट स्पैन है जो 17 मीटर की ऊंचाई तक उठता है। इससे निर्बाध ट्रेन संचालन सुनिश्चित करते हुए जहाजों की सुचारू आवाजाही की सुविधा मिलती है।

इस पुल का सांस्कृतिक महत्व भी है, क्योंकि रामायण के अनुसार, राम सेतु का निर्माण रामेश्वरम के पास धनुषकोडी से शुरू हुआ था।

चारधाम यात्रा

राज्य में तीर्थयात्रियों को शुद्ध भोजन और स्वच्छ वातावरण उपलब्ध कराने के उद्‌देश्य से खाद्य संरक्षा और औषधि प्रशासन विभाग ने हरित चारधाम यात्रा की शुरुआत की है। इसके तहत चारधाम यात्रा मार्ग के होटल– ढाबों में इस बार तीर्थयात्रियों को ना सिर्फ स्वच्छ और शुद्ध भोजन मिलेगा, बल्कि होटल कारोबारी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अपील के अनुसार भोजन में तेल, नमक और चीनी का प्रयोग भी कम करने का प्रयास करेंगे। साथ ही सिंगल यूज प्लास्टिक रोकथाम के लिए भी तीर्थ यात्रियों को

प्रोत्साहित करेंगे। इसके लिए खाद्य संरक्षा औषधि प्रशासन विभाग ने यात्रा प्रारंभ होने से पहले ही यात्रा मार्ग के होटल और खाद्य कारोबारियों के साथ व्यापक स्तर पर संवाद और प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरु किया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इस बार सभी विभागों को हरित चारधाम यात्रा की थीम पर, यात्रा संचालित करने के निर्देश दिए हैं।

लिंक मोटर मार्ग का लोकार्पण

केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग राज्य मंत्री अजय टम्टा ने अल्मोड़ा के लक्ष्मेश्वर में लिंक मोटर मार्ग के पुनर्निर्माण कार्य का लोकार्पण किया। करीब 1 करोड़ 37 लाख रुपये की लागत से तैयार इस सड़क से नगर की बड़ी आबादी को आवागमन में सुविधा मिलेगी। लंबे समय से इस सड़क की दुर्दशा से स्थानीय लोग परेशान थे, जिसे अब पुनर्निर्माण के बाद सुगम बनाया गया है।

पत्रकारों से बातचीत में केंद्रीय राज्य मंत्री ने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए केंद्र और राज्य सरकार लगातार काम कर रही है। उन्होंने कहा कि सड़क जैसी बुनियादी सुविधाओं को सुदृढ़ करना उनकी प्राथमिकता है।

बीआईएस

भारतीय मानक ब्यूरो की देहरादून शाखा ने 4 अप्रैल को पिथौरागढ़ स्थित भारतीय सेना की 119 ब्रिगेड, सैन्य स्टेशन में विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य सैन्य अधिकारियों, जवानों को बीआईएस द्वारा तैयार गुणवत्ता मानकों और विभिन्न भारतीय मानकों की जानकारी देना था। बीआईएस देहरादून के निदेशक सौरभ तिवारी ने सैन्य अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय मानक ब्यूरो देश की शीर्ष संस्था है जो गुणवत्ता, सुरक्षा और विश्वसनीयता के मानकों को सुनिश्चित करती है। उन्होंने सेना के क्षेत्र में उपयोग होने वाले विभिन्न उपकरणों, सामग्रियों, उत्पादों के लिए बीआईएस द्वारा निर्धारित मानकों की जानकारी दी तथा बताया कि बीआईएस मानकों के अनुपालन से उत्पादों की गुणवत्ता और कार्यक्षमता बढ़ती है, जिससे सेना को अधिक विश्वसनीय संसाधन प्राप्त होते हैं।

इस अवसर पर सैन्य अधिकारियों ने बीआईएस की पहल की सराहना करते हुए कहा कि भविष्य में भी इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जाने चाहिए, ताकि सेना के लिए खरीदे जाने वाले उत्पादों की गुणवत्ता सुनिश्चित हो सके।

भारतीय जनता पार्टी

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने कहा है कि भाजपा ने सत्ता के लिए अपनी विचारधारा से कभी समझौता नहीं किया। भाजपा के 46वें स्थापना दिवस के अवसर पर आज नई दिल्ली स्थित पार्टी मुख्यालय में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि पार्टी की विचारधारा भारतीय परंपरा और संस्कृति से जुड़ी हुई है। उन्होंने कहा कि भाजपा राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ काम करती है।

देहरादून स्थित भारतीय जनता पार्टी ने प्रदेश मुख्यालय में 46वाँ स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया। भाजपा के वरिष्ठ नेता और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि पार्टी ने हमेशा लोकतांत्रिक मूल्यों और प्रक्रियाओं पर विश्वास रखा है और 'सबका साथ, सबका विकास' के मंत्र को आत्मसात् कर जन–जन का कल्याण सुनिश्चित किया है।

कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने पार्टी कार्यकर्ताओ से लोकसभा और निकायों की तरह पंचायत चुनावों में भी सभी प्रमुख और अध्यक्ष पदों को जीतने के लक्ष्य प्राप्ति के लिए जुटने का आह्वाहन किया।

चैत्र नवरात्रि

देश में दुर्गा नवमी और रामनवमी पर्व धार्मिक श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया।

रामनवमी का यह त्योहार भगवान विष्णु के सातवें अवतार भगवान राम के अवतरण का प्रतीक है। रामनवमी चैत्र माह की नौवीं तिथि को मनाई जाती है। रामनवमी से पूर्व नौ दिन का उपवास रखा जाता है।

प्रदेशभर में भी रामनवमी की धूम रही। राज्य के विभिन्न स्थानों पर मेले और शोभा यात्राओं का आयोजन किया गया। देवी मंदिरों में सुबह से शाम तक श्रद्धालुओं ने पूजा–अर्चना की। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राम नवमी और दुर्गा नवमी के पावन अवसर पर देहरादून स्थित मुख्यमंत्री आवास में सपरिवार पूजा–अर्चना की। उन्होंने नौ दुर्गाओं की प्रतीक नौ कन्याओं का विधिवत पूजन भी किया। इस दौरान श्री धामी ने प्रदेशवासियों को राम नवमी की शुभकामनाएं देते हुए राज्य की खुशहाली और नागरिकों के सुख–समृद्धि की कामना की।

चम्पावत जिले के विभिन्न मन्दिरो में श्रद्धालुओं ने नौ दिनों से चले आ रहे नवरात्रि का घट और मूर्ति विसर्जन कर समापन किया। इस अवसर पर बाराकोट स्थित लड़ी धुरा मन्दिर में एक साथ 108 कन्याओं का पूजन कर उन्हें भोग लगाया गया।

साइबर कमांडो

उत्तराखंड पुलिस को दो साइबर कमांडो मिल गए हैं। साइबर कमांडो कोर्स के पहले चरण में अपर उपनिरीक्षक विनोद बिष्ट और कांस्टेबल सुधीश खत्री ने आईआईटी कानपुर से 6 माह का साइबर कमांडो प्रशिक्षण प्राप्त किया है। जिसमें साइबर सुरक्षा, डिजिटल फोरेंसिक, थ्रेट इंटेलिजेंस, क्रिप्टो करेंसी, क्रिप्टोग्राफी और नेटवर्किंग आदि विषयों के मूल सिद्धांतों तथा अनुप्रयोगों पर प्रशिक्षण दिया गया। एसटीएफ के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नवनीत सिंह ने बताया कि बढ़ती साइबर सुरक्षा क्षमताओं और बढ़ते साइबर खतरों को देखते हुए भारत सरकार के गृह मंत्रालय द्वारा 'साइबर कमांडो की विशेष शाखा' की स्थापना की जा रही है। दूसरे चरण में उत्तराखंड से साइबर कमांडो प्रशिक्षण के लिए उत्तीर्ण 72 अभ्यर्थियों को देश के प्रतिष्ठित आईआईटी संस्थान, राष्ट्रीय फोरेंसिक विज्ञान विश्वविद्यालय आदि में गहन व्यवहारिक प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए भेजा जाएगा।

मसूरी

देहरादून के मसूरी में ग्रीष्मकालीन पर्यटन के दौरान शटल सेवा फिर से संचालित होगी। मसूरी में पर्यटन व्यवस्थाओं के संबंध में जिलाधिकारी सविन बंसल ने अधिकारियों को पर्यटकों की सुविधा और सुरक्षा के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय रहते सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

मसूरी के गजी बैंड और किंग क्रैग पर पर्यटकों की सुविधा के लिए सुविधा काउंटर स्थापित किए जाएंगे। इसके लिए जिलाधिकारी ने सड़क से अतिक्रमण हटाने और गजी बैंड व किंग क्रैग सेटेलाइट पार्किंग पर साइनबोर्ड, मार्किंग और संकेतक लगाने के निर्देश दिए।

अंतरराष्ट्रीय खेल दिवस

अन्तर्राष्ट्रीय खेल दिवस पर खेल विभाग की ओर से देहरादून के पवेलियन ग्राउंड में क्रॉस कंट्री दौड़ और हॉकी व फुटबॉल के मैत्री मैच आयोजित किए गए। प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते हुए खेल मंत्री रेखा आर्य ने विजेताओं को सम्मानित किया।

खिलाड़ियों को सम्बोधित करते हुए श्रीमती आर्य ने कहा कि सरकार ने 2036 ओलंपिक के लिए 40 एथलीट तैयार करने की योजना बनाई है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार युवा खिलाड़ियों को तैयार करने तथा उनके भविष्य को उज्ज्वल बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। खेल मंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय खेलों में पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को जल्द ही नौकरी दी जाएगी, इसकी प्रक्रिया चल रही है। पत्रकारों से बातचीत में खेल मंत्री ने कहा कि अन्तर्राष्ट्रीय खेल दिवस विश्व भर के खिलाड़ियों की प्रतिभा को प्रदर्शित करने का अवसर है।